दिन– मंगलवार | दिनांक– 06 / 08 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से। | अवधि– 15 मिनट

---

01. नेपाल और पड़ोसी राज्यों में भारी बारिश के कारण प्रदेश में कोसी, गंडक और बागमती समेत कई नदियां खतरे के निशान के पार। पटना में धोबा नदी के उफान के कारण फतुहा में तटबंध टूटा।
02. प्रदेश में मॉनसून की सक्रियता जारी। मौसम विभाग ने अगले चौबीस घंटों के दौरान गोपालगंज, वैशाली, भोजपुर और किशनगंज समेत छह जिलों में भारी बारिश और वज्रपात की चेतावनी जारी की।
03. जियोलॉजिकल सर्वे ऑफ इंडिया, मुजफ्फरपुर, लखीसराय, औरंगाबाद और नालंदा समेत तेरह जिलों में खनिज पदार्थों की तलाश के लिए सर्वे करेगा।
04. और, आर्थिक अपराध इकाई ने कल से शुरू हो रही सिपाही भर्ती परीक्षा के लिए एडवाइजरी जारी की। अभ्यर्थियों को साइबर अपराधियों से सतर्क रहने की सलाह।

---

नेपाल के जलग्रहण क्षेत्र और झारखंड, उत्तर प्रदेश तथा छत्तीसगढ़ में भारी बारिश के चलते राज्य की विभिन्न नदियों के जलस्तर में बढ़ोतरी जारी है। इसके चलते कई प्रमुख और सहायक नदियां उफान पर हैं। केन्द्रीय जल आयोग से प्राप्त जानकारी के अनुसार बागमती नदी मुजफ्फरपुर के बेनीबाद में और कोसी नदी खगड़िया के बलतारा में खतरे के निशान से ऊपर बह रही है। इधर, गंगा नदी का जलस्तर पटना के गांधी घाट और भागलपुर के कहलगांव में चेतावनी के स्तर को पार कर गया है। घाघरा और गंडक नदी भी उफान पर है।

अरवल से हमारे संवाददाता ने बताया कि सोन नदी के इंद्रपुरी बराज के सभी फाटक खोले जाने के बाद जिले में नदी के जलस्तर में वृद्धि हो रही है। एक रिपोर्ट–

–––बाईट–––

अरवल की जिला पदाधिकारी वर्षा सिंह ने सोन नदी के तटवर्ती इलाकों का निरीक्षण कर लोगों से ऊंचे स्थानों पर जाने की अपील की है। उन्होंने बताया कि रात में सोन नदी में जलस्तर में और वृद्धि होने की संभावना है। श्रीमती सिंह ने बताया कि जिला प्रशासन माइकिंग के द्वारा लोगों को सावधान कर रही है। संबंधित अंचलाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारियों और जल संसाधन विभाग से अधिकारियों को भी अलर्ट रहने के निर्देश दिए गए है। आकाशवाणी समाचार के लिए अरवल से चन्द्रभूषण कुमार।

इधर, औरंगाबाद और आरा के कई प्रखंड क्षेत्रों में सोन नदी के जलस्तर में बढ़ोतरी से दो दर्जन से अधिक गांवों में बाढ़ का पानी फैल गया है। इन स्थानों पर बाढ़ में फंसे लोगों को एनडीआरएफ और जिला प्रशासन की मदद से सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया है। पटना जिले के दनियांवां में धोबा नदी भी उफान पर है। इसके चलते फतुहा में दो स्थानों पर धोबा का तटबंध टूट गया है। वहीं, सैंकड़ों एकड़ में लगी धान की फसल डूबने के साथ की कई स्थानों पर बाढ़ का पानी फैल गया है। झारखंड के घोड़ा घाट वियर का फॉलिंग शटर टूटने से फल्गु नदी भी उफान पर है। इसके चलते जहानाबाद जिले के मोदनगंज और घोसी अंचल क्षेत्र में नदी का जलस्तर बढ़ गया है। एक रिपोर्ट––

–––बाईट––

जहानाबाद के मोदनगंज प्रखंड के मिर्जापुर गांव के पास फल्गु नदी का तटबंध टूटने से सड़क दो हिस्सों में बंट गई है। इससे दो दर्जन गांवों के बीच आवागमन बाधित हो गया है। स्थानीय लोगों के अनुसार दो वर्षों के बाद नदी में पानी आयी है। जिलाधिकारी अलंकृता पांडेय ने फल्गु नदी के बढ़ते जलस्तर को देखते हुए सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों और अंचलाधिकारियों को अलर्ट पर रहने के निर्देश दिए हैं। आकाशवाणी समाचार के लिए जहानाबाद से आभाष रंजन।

रोहतास जिले में सोन नदी के जलस्तर को लेकर अच्छी खबर आई है। यहां नदी के जलस्तर में पिछले चौबीस घंटों के दौरान कमी आने से तटीय इलाकों में बाढ़ का खतरा टल गया है। वहीं, बाढ़ प्रभावित इलाकों में भी लोगों को राहत मिली है। और ब्योरा दे रहे हैं हमारे संवाददाता––

–––बाईट–––

रोहतास जिले में सोन के ऊपरी जलग्रहण क्षेत्र में भारी बारिश थमने के बाद नदी के जलस्तर में तेजी से गिरावट देखी जा रही है। पिछले चोबीस घंटे के दौरान नदी के जलस्तर में तीन से चार फीट की कमी दर्ज की गई है। इससे सोन तटीय इलाके में उत्पन्न बाढ़ का खतरा टलता दिख रहा है। साथ ही कैमूर पहाड़ी से निकली नदियों का प्रवाह में कम हो जाने से नौहट्टा और रोहतास प्रखंड में बाढ़ के पानी में कमी आने से लोगो को राहत मिली है। वही एक दिन पूर्व बराज में पांच लाख क्यूसेक पानी पहुंचता था, जो अब घटकर ढाई लाख क्यूसेक रह गया है। सिंचाई विभाग के मुख्य अभियंता सुजीत कुमार में बताया कि बराज के 69 फाटक को खोलकर पानी के दबाव को नियंत्रित किया गया है। आकाशवाणी समाचार के लिये रोहतास से चंदन कुमार।

दूसरी तरफ, नालंदा जिले के एकंगरसराय और हिलसा प्रखंड अंतर्गत फल्गु और लोकाईन नदी में आई अचानक बाढ़ से हुयी तबाही के दो दिन बाद अब स्थिति धीरे–धीरे समान्य होने लगी ह। कई गावों में बाढ़ का पानी उतरने लगा है। और ब्योरा हमारे संवाददाता से––

–––बाईट–––

नालंदा जिले के एकंगरसराय और हिलसा प्रखंड के विभिन्न भागों में फल्गु और लोकाइन नदी में अचानक आई बाढ़ के बाद स्थिति अब धीरे–धीरे सामान्य हो रही है। कई गावों में बाढ़ का पानी उतरने लगा है । बेलदारी बिगहा गाँव के घरों मे घुसा बाढ़ का पानी निकल गया है। प्रभावित क्षेत्रों में चिकित्सा शिविर और सामुदायिक रसोई सुचारु रुप से चल रहे हैं । इधर प्रशासन टूटे तटबंधों की मरम्मती के काम में युद्धस्तर पर जुटा है। पीएचईडी विभाग के कर्मी भी कई गांवों मे खराब पड़े चापाकल की मरम्मती का काम कर रहे हैं।

महामारी के हालात न बने इसलिए गाँवों के नली–गली में ब्लीचिंग पॉउडर का छिड़काव किया जा रहा है। जिलाधिकारी शशांक शुभंकर ने बाढ़ प्रभावित कई गांवों में पहुँचकर स्थिति का जायजा लिया और आवश्यक निर्देश दिये। आकाशवाणी समाचार के लिए निरंजन कुमार।

---

प्रदेश में मॉनसून पूरी तरह सक्रिय है। इसके कारण प्रदेश के अधिकतर हिस्सों में हल्की से भारी बारिश हो रही है। मौसम विभाग के अनुसार आठ अगस्त तक मॉनसून के अनुकूल परिस्थितियां बनी रहेंगी। विभाग ने अगले चौबीस घंटों के दौरान गोपालगंज, सीवान, सारण, वैशाली, भोजपुर और किशनगंज जिले में कुछ स्थानों ंपर भारी बारिश की संभावना जताई है। वहीं, शेष स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है। इस दौरान वज्रपात की भी आशंका है। इधर, पिछले चौबीस घंटों के दौरान भोजपुर के सहार में सबसे अधिक छिहत्तर दशमलव छह मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई।

---

आर्थिक अपराध इकाई ने कल से शुरू हो रही सिपाही भर्ती परीक्षा के लिए एडवाइजरी जारी की है। ईओयू के डीआईजी मानवजीत सिंह ढिल्लो ने अभ्यर्थियों को परीक्षा से संबंधित किसी भी अज्ञात फोन कॉल से सावधान रहने और इस संबंध में किसी भी मैसेज को फॉरवर्ड करने से बचने की सलाह दी है। ईओयू ने आशंका जताई है कि साइबर अपराधी और असामजिक तत्व सिपाही भर्ती परीक्षा से संबंधित अफवाह और भ्रम फैला सकते हैं। एडवाइजरी में कहा गया है कि किसी अभ्यर्थी को परीक्षा से संबंधित प्रश्न पत्र, उत्तर पत्र उपलब्ध कराने संबंधित किसी भी पोस्ट या कॉल मिलने पर तुरंत नजदीकी थाना या साइबर थाना में शिकायत दर्ज करायें। गौरतलब है कि सिपाही भर्ती परीक्षा राज्य के विभिन्न परीक्षा केन्द्रों पर सात, ग्यारह, अठारह, इक्कीस, पच्चीस और अट्ठाईस अगस्त को आयोजित की जा रही है।

---

जियोलॉजिकल सर्वे ऑफ इंडिया, जीएसआई मुजफ्फरपुर, समस्तीपुर, लखीसराय, औरंगाबाद और नालंदा समेत तेरह जिलों में खनिज पदार्थों की तलाश के लिए सर्वे करेगा। सेंट्रल जियोलॉजिकल प्लॉनिंग बोर्ड ने जीएसआई को सर्वे की अनुमति दे दी है। जियोलॉजिकल विभाग ने इन जिलों के भूगर्भ में कई खनिज पदार्थों के भंडारण की संभावना जताई है। सर्वे का कार्य लगभग चार महीनों में पूरा कर लिया जाएगा।

---

बिहार औद्योगिक निवेश प्रोत्साहन वस्त्र और चर्म, नीति के तहत स्थापित औद्योगिक प्रतिष्ठानों को राज्य सरकार सशर्त अनुदान देगी। उद्योग विभाग द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार इस नीति के तहत स्थापित औद्योगिक प्रतिष्ठानों में कार्यरत पचहत्तर प्रतिशत कर्मचारी बिहार के मूलवासी होंगे, तभी अनुदान दिया जाएगा। साथ ही ऐसे कर्मियों की संख्या कम से कम एक सौ होनी जरूरी है। अधिसूचना में कहा गया है कि कर्मचारियों को कम से कम एक साल तक नियोजित रखना भी अनिवार्य होगा।

---

रेलवे यात्रियों की भीड़ को देखते हुए रक्सौल से लोकमान्य तिलक के बीच विशेष ट्रेन का परिचालन कर रहा है। यह ट्रेन आज शाम सात बजकर पंद्रह मिनट पर रक्सौल से रवाना होगी, जो सीतामढ़ी, मुजफ्फरपुर, हाजीपुर, डीडीयू के रास्ते लोकमान्य तिलक जायेगी। यह ट्रेन आठ अगस्त को सुबह पांच बजकर पचास मिनट पर लोकमान्य तिलक पहुंचेगी। उसी दिन यह गाड़ी सुबह सात बजकर पचपन मिनट पर रक्सौल के लिए रवाना होगी।

---

जदयू के कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष और सांसद संजय कुमार झा ने कहा है कि बेगूसराय के सिमरिया धाम को पर्यटन क्षेत्र के रूप में विकसित किया जाएगा। उन्होंने अपने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा है कि सिमरिया घाट पर सीढ़ी बनने के कारण सावन महीन में श्रद्धालुओं को स्नान करने और जल भरने में सहूलियत हो रही है। उन्होंने कहा कि सिमरिया घाट का विकास राज्य सरकार का ड्रीम प्रोजेक्ट है। श्री झा ने उम्मीद जताई कि सिमरिया धाम जल्द ही धार्मिक पर्यटन का एक बड़ा केन्द्र बनेगा।

---

शिक्षा विभाग ने सरकारी विद्यालयों की छुट्टी तालिका में संशोधन किया है। विद्यालयों में अब छह दिन की अतिरिक्त छुट्टी मिलेगी। संशोधित तालिका के अनुसार अब विद्यालयों में रक्षाबंधन का एक दिन, हरतालिका तीज व्रत का दो दिन, अनंत चतुर्दशी, जितिया और गुरूनानक जयंती के अवसर पर एक–एक दिन छुट्टी रहेगी।

---

प्रदेश के सरकारी विद्यालयों में कक्षा छठी से बारवहीं में पढने वाले छात्र छात्राओं को भी निपुण भारत मिशन के तहत किट दिया जाएगा। इसमें हर कक्षा के हिसाब से पठन–पाठन की सामग्री होगी। शिक्षा विभाग ने कहा है कि पंद्रह अगस्त तक सभी छात्र–छात्राओं को किट उपलब कराने का निर्देश दिया गया है। गुणवत्ता की जांच के बाद ही किट छात्रों के बीच वितरित किये जायेंगे। गौरतलब है कि कक्षा पहली से पांचवीं तक के बच्चों को यह किट तीन साल पहले से ही दिया जा रहा है।

---

और, अब खबरें ओलंपिक की। पेरिस ओलंपिक में आज भारतीय खिलाड़ी हॉकी, एथलेटिक्स, टेबल टेनिस और कुश्ती की स्पर्धाओं में भाग लेंगे। एक रिपोर्ट––

–––रिपोर्ट–––

---

वैशाली जिले में आज से **आपकी पंचायत आपका प्रशासन कार्यक्रम** की शुरूआत हो रही है। जिला पदाधिकारी यशपाल मीणा ने बताया कि यह कार्यक्रम उन्नीस अक्टूबर तक जिले की सभी पंचायत में आयोजित होगा।

अररिया जिले के भारतीय सीमा क्षेत्र बसमतिया बॉर्डर पर एसएसबी और बसमतिया थाना पुलिस ने मादक पदार्थ के साथ एक नेपाली नागरिक को गिरफ्तार किया है।

---

अखबारों की सुर्खियां.....

अब बिहार से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने पड़ोसी देश बांग्लादेश में तख्ता पलट की खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

**दैनिक भास्कर** ने इस खबर का शीर्षक दिया है– हसीना ने देश छोड़ा, पीएम आवास में घूसे प्रदर्शनकारी–– अब सेना चलायेगी सरकार।

**हिन्दुस्तान** की सुर्खी है – सोन में आठ साल बाद रिकॉर्ड उफान, फतुहा में धोबा का तटबंध टूटा।

**प्रभात खबर** ने लिखा है – नगर पालिका कानून में संशोधन को लेकर मेयर ने दी कोर्ट में चुनौती। कहा– रद्द हो प्रावधान।

**दैनिक जागरण** ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के बयान को प्रमुखता देते हुए लिखा है– अनुच्छेद– तीन सौ सत्तर पर निर्णय लोगों पर थोपने की जगह सहमति से चाहता था। **राष्ट्रीय सहारा** की प्रमुख खबर है – दुनिया के शेयर बाजारों में गिरावट, सेंसेक्स धड़ाम।

**नव बिहार टाईम्स** ने लिखा है – बिहार की चर्चित आईपीएस काम्या मिश्रा ने दिया इस्तीफा।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. नेपाल और पड़ोसी राज्यों में भारी बारिश के कारण प्रदेश में कोसी, गंडक और बागमती समेत कई नदियां खतरे के निशान के पार। पटना में धोबा नदी के उफान के कारण फतुहा में तटबंध टूटा।

02. प्रदेश में मॉनसून की सक्रियता जारी। मौसम विभाग ने अगले चौबीस घंटों के दौरान गोपालगंज, वैशाली, भोजपुर और किशनगंज समेत छह जिलों में भारी बारिश और वज्रपात की चेतावनी जारी की।

03. जियोलॉजिकल सर्वे ऑफ इंडिया, मुजफ्फरपुर, लखीसराय, औरंगाबाद और नालंदा समेत तेरह जिलों में खनिज पदार्थों की तलाश के लिए सर्वे करेगा।

04. और, आर्थिक अपराध इकाई ने कल से शुरू हो रही सिपाही भर्ती परीक्षा के लिए एडवाइजरी जारी की। अभ्यर्थियों को साइबर अपराधियों से सतर्क रहने की सलाह।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।